आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 06.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–एआई से देश की सुरक्षा और प्रगति को नया आयाम मिलेगा, साथ ही रोजगार में बढोतरी होगी।
- राजस्थान रीजनल एआई कॉन्फ्रेस में एआई–एमएल पॉलिसी और नेशनल एआई लिटरेसी प्रोग्राम का शुभारंभ।
- विकसित भारत जी राम जी तथा चार नई श्रम संहिताओं पर पीआईबी की ओर से जयपुर में क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन 'वार्ता' का आयोजन।
- प्रदेश में कड़ाके की ठण्ड से जनजीवन प्रभावित–मौसम विभाग ने कुछ हिस्सों में शीतलर चलने तथा पारे में और गिरावट की संभावना जताई।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एआई देश की प्रगति और सुरक्षा को नया आयाम दे रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि एआई से रोजगार कम नहीं होंगे बल्कि बढ़ेंगे। आज जयपुर में 'राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026' और 'डिजिफेस्ट' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में तकनीक को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अटल लाइब्रेरी और अटल स्टूडियो बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से 8 लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर आ चुका है और युवाओं के लिए 1 लाख 56 हजार सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में एआईएमएल पॉलिसी लाई गई है। इससे एआई सिस्टम अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बन सकेगा।

........................

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि एआई को अपने जीवन में शामिल करके हम काफी फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिक एआई का उचित इस्तेमाल कर सकें इसके लिए सरकार ने एआई मिशन बनाया है। श्री वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में इलेक्ट्रोनिक्स की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 5 हजार युवाओं को ट्रेनिग दी जाएगी। इसमें लघु उद्योग भारती, सीआईआई और आईसीईए का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने जयपुर में जल्द ही डेटा सेन्टर का शिलान्यास करने की भी घोषणा की।

..............................

कार्यक्रम में केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने एआई को मानव जीवन में बडा बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल आज बड़े पैमाने पर हर क्षेत्र में किया जा रहा है और इससे क्षमता संवर्धन हो रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने एआई इण्डिया मिशन के लिए दस हजार करोड़ रूपये से भी अधिक का बजट रखा है। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान एआई–एमएल पॉलिसी 2026 और नेशनल एआई लिटरेसी प्रोग्राम सहित कई डिजिटल पोर्टल लॉन्च किए गए। राज्य सरकार

ने तकनीकी विकास के लिए गूगल और आईआईटी दिल्ली जैसी संस्थाओं के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए।

0000

जयपुर में विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार के मामले को लेकर आज विधानसभा की सदाचार कमेटी की बैठक आयोजित हुई। कमेटी के सामने संबंधित तीनों विधायकों ने पेश होकर अपना पक्ष रखा। चेयरमैन कैलाश वर्मा ने बताया कि विधायकों ने साक्ष्य के तौर पर पैन ड्राइव और फोटोग्राफ्स सौंपे हैं।

...................

जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में 8 और 9 जनवरी को राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस दो दिवसीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन रायपुर में हुए 60वें राष्ट्रीय डीजी–आईजी सम्मेलन की सिफारिशों की अनुपालना में किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षक, रेंज आईजी और मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।
इस दौरान विभिन्न सत्रों में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ पुलिस व्यवस्था और विकसित भारत में पुलिसिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान देंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली में सुधार और भविष्य की चुनौतियों पर मंथन करना है।

000

जोधपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उन्नीसवें बैच का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विशेष महानिदेशक वितुल कुमार ने परेड की सलामी ली और जवानों को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षित जवानों ने समारोह में अनुशासन और तालमेल के साथ आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया। समारोह के अंत में नए जवानों ने राष्ट्र सेवा की शपथ ली। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक दिनेश उनियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 9 जनवरी को दिल्ली में आयोजित समारोह में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस राष्ट्रीय समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे को उत्कृष्ट कार्य के लिए 3 शील्ड प्रदान की जाएंगी। इनमें संपूर्ण कार्यकुशलता के लिए गोविंद वल्लभ पंत शील्ड, वैगन मेंटेनेंस शील्ड और आबू रोड रनिंग रूम शील्ड शामिल हैं। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे के 6 रेलकर्मियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इनमें अधिकारी मेघा गोदारा देव और मोनिका यादव सहित कर्मचारी शिवलाल पुरोहित, ओंकार, मुबारिक हुसैन और मनोज दुसाद के नाम शामिल हैं। यह सम्मान वर्ष 2025 में किए गए कार्यों के लिए दिया जा रहा है।

000

पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आज जयपुर में विकसित भारत जी राम जी तथा चार नई श्रम संहिताओं पर क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन 'वार्ता' का आयोजन किया गया। सम्मेलन के उदघाटन सत्र

को राज्य की ग्रामीण विकास सचिव पुष्पा सत्यानी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी मे पुरानी मनरेगा योजना को और बेहतर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले की योजना में कुछ और सुविधाओं को जोड़ा गया है। देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मकसद से नई योजना में तकनीक का समावेश किया गया है साथ ही अब स्थायी निर्माण पर जोर होगा।

..................

सम्मेलन में उप मुख्य श्रम आयुक्त निरंजन कुमार ने चार नई श्रम संहिताओं के बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन में विभिन्न मीडिया समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

000

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन यानी 'वीबी–जी रामजी' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। आज जयपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत अब साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी और भुगतान सीधा लाभार्थी के खाते में जाएगा। उन्होंने विपक्ष द्वारा नाम को लेकर किए जा रहे विरोध पर कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने सैकड़ों योजनाओं के नाम बदले थे, जबकि वर्तमान सरकार ने योजनाओं को सेवा और सनातन से जोड़ने का काम किया है। श्री राठौड़ ने कहा कि नई व्यवस्था में भ्रष्टाचार रोकने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति और जियो टैगिंग जैसी तकनीक का उपयोग किया जाएगा। सामाजिक ऑडिट को अनिवार्य बनाया गया है ताकि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता के साथ विकास कार्य हो सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कानून गांवों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने और गरीबी दूर करने में सहायक सिद्ध होगा।

.......................

देश के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक उपयोग और इससे उत्पन्न होने वाले रोगाणुरोधी प्रतिरोध के खतरों के प्रति आगाह किया है। एम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. बिमल कुमार दास ने बताया कि कई जीवाणु अब सामान्य एंटीबायोटिक्स के प्रतिरोधी हो गए हैं, जिससे दवाएं बेअसर हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह स्थिति भविष्य में संक्रमण के इलाज को और कठिन बना सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से एंटीबायोटिक्स का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आग्रह किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध एक गंभीर वैश्विक समस्या बन गया है, इसलिए बिना चिकित्सक के परामर्श के दवाओं का सेवन न करें। मरीजों से दवाओं का कोर्स पूरा करने और स्वयं दवा लेने की आदत से बचने की अपील की गई है।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। सी बी एस ई की परीक्षाएं इस वर्ष 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क परामर्श इस वर्ष पहली जून तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना है। विद्यार्थी टोल–फ्री नंबर पर हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे

सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा तनावमुक्त तैयारी, प्रभावी समय प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर और तनाव दूर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती है।

000

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रभाव बना हुआ है। श्रीगंगानगर सहित कई क्षेत्रों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। इस कारण दृश्यता कम होने से जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच आज डूंगरपुर में सबसे कम 3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं सिरोही में न्यूनतम तापमान 4 दशमलव 1, माउंट आबू में 4 दशमलव 4, पाली में 9 दशमलव 7, श्रीगंगानगर में 5 दशमलव 1 और राजधानी जयपुर में 6 दशमलव 8 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। अगले दो से तीन दिनों के दौरान उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में शीतलहर चलने और न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की और गिरावट होने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय  घना कोहरा और शीत दिन की स्थिति बनी रह सकती है। कोहरे के कारण वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

000